# प्रताड़ना के विरोध में जिला पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन





**मण्डला।** मप्र पटवारी संघ जिला ईकाई मंडला के द्वारा प्रमुख सचिव राजस्व मप्र शासन भोपाल एवं आयुक्त भू अभिलेख ग्वालियर मप्र के नाम मंडला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी ने बताया कि वर्तमान समय प्रदेश के पटवारियों को लगातार विभिन्न अभियानों तथा अन्य योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सम्मान निधी, मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना, ई-केवाईसी तथा फार्मर रजिस्ट्री जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद प्रदेश के पटवारी अपने मूलभूत अधिकारों से वंचित होकर आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित हो रहे है। मांग है कि पहले पटवारी को अवकाश के दिनों में आपातकालीन सेवा हेतु बुलाया जाता था। परंतु पिछले कुछ वर्षों से अवकाश के दिनों में सामान्य कार्यों के लिए भी पटवारी को लगाया जाता है तथा प्रताडित भी किया जाता है। जो बंद किया जाए अन्यथा पुलिस विभाग के समान 24 घंटे ड्यूटी पर होने के कारण कारण पटवारियों का वेतन 13 महीनें का प्रदान किया जाए।

प्रदेश के कपितय जिलों में सार्थक एप्प एवं ई डायरी अटेंडेस को लेकर पटवारियों को प्रताडित किया जा रहा है। जबकि पटवारियों को उचित संसाधन व मोबाइल उपलब्ध नहीं कराए गए है। लगभग 6 वर्ष पूर्व जो निम्न स्तर की कीमतों के उपलब्ध भी कराएं गये थे। वो भी बेकार होकर उपयोग हीन हो चुके है। इसी प्रकार पटवारियों का कार्य क्षेत्र बेहद दुर्गम पहाडी तथा दूरस्थ क्षेत्रों में रहता है, जहाँ नेटवर्क उपलब्ध नहीं रहता है। जिससे उक्त एप्पस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करवान अप्रासंगिक एवं अव्यवहारिक हे। इस हेतु अनिवार्यता समाप्त की जावें। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना में पैसा उच्च स्तर से सीधे किसान के खाते में आता है। पटवारी का कार्य केवल कृषक का रजिस्ट्रेशन करना हैं परंतु पैसा ना आने पर अनावश्यक रूप से सीएम हेल्पलाइन होती है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सम्मान निधि योजना में सीएम हेल्पलाइन 181 शिकायत से अलग की जाए। जिस प्रकार लाडली लक्ष्मी योजना को सीएम हेल्पलाइन 181 से पृथक रखा गया हैं। प्रदेश में स्वामित्व योजना का कार्य पटवारी द्वारा किया गया है परतु आज दिनांक तक कई जिलो की तहसीलों में पटवारी को स्वामित्व योजना का पैसा प्रदान नहीं किया गया जिसे तत्काल भुगतान कराया जाए। इसी प्रकार स्वामित्व योजना को लेकर मंदसौर जिले में पटवारियों को निलंबित एवं प्रताड़ित किया जा रहा हैं। पटवारियों के खिलाफ उक्त समस्त कार्यावाही वापस ली जाए। इसी प्रकार मजले टोले के नक्शे का नवीन कार्य पटवारियों से बिना प्रशिक्षण एवं संसाधन तथा बिना मानदेय से करवाया जा रहा हैं। जो अनुचित एवं न्याय संगत नहीं हैं। प्रोटेक्शन एक्टरू प्रदेश का पटवारी राजस्व न्यायालयीन प्रक्रिया के अंतर्गत राजस्व न्यायालय के अधीन कार्य करता है। जिसमें उसके विभाग को उसके कार्यों को विभागीय जांच का अधिकार होता है। विभागीय जांच पश्चात ही दोषी पाए जाने पर ही विभागीय रिपोर्ट के आधार पर दोषी माना जाएं, किन्तु पुलिस द्वारा बिना किसी विभागीय जांच के आधार पर उसे सीधे दोषी मानकर उसके विरूद्ध एफ आई आर दर्ज कर दोषी बनाया जाता हैं। जो पूर्ण रूप से अनुचित व अवैधानिक हैं। इसलिए नायब तहसीलदार, तहसीलदार की भांति पटवारियों को भी प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल किया जाये। फार्मर आईडी का ऐप अत्यंत की निम्न स्तर का हैं जो अधिकतम समय ठीक तरह से कार्य नहीं करता है। जिस कारण पटवारी का अर्थात शासन का समय अनावश्यक बेकार होता हैं. इसलिए एप में सुधार कराया जाए। गिरदावरी का कार्य पिछले वर्ष सर्वेयर द्वारा कराया गया था, जिनका भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है। भुगतान हेतु सर्वेयर पटवारी पर दबाव बनाते हैं। अतरू फसल सर्वे का भुगतान सर्वेयर को तत्काल किया जाए।

एग्री स्टेक व अन्य भत्ते का भुगतान नहीं होना वर्तमान समय में प्रवेश का पटवारी शासन की विभिन्न योजनाओं एवं लगातार राजस्व महाभियान में काम कर रहा है। जिसमें कई माह से अपने एग्री स्टेक, स्टेशनरी तथा फिक्स टीए जैसे भत्तों के भुगतान की मूलभूत सुविधाएं से वंचित होकर लगातार आर्थिक शोषण का शिकार हो रहा हैं। जिससे सिर्फ प्रदेश पटवारी ही नहीं, अपितु उसका पूरा परिवार भी लगातार हर माह शोषित हो रहा है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु पटवारी भत्ते के मद का उचित बजट उपलब्ध कराने का कष्ट करें बार-बार आने वाली इस समस्या का स्थाई निराकरण हो। राजस्व महाभियान 3.0 में पटवारियों को प्रताडना विगत वर्ष में लगातार राजस्व महाभ्यिान 1.0, 2.0 तथा 3.0 सतत चलाया गया है।

# ग्राम लपटी में एनएसएस शिविर का समापन

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया की राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 19 से 25 फरवरी 2025 तक चला। इसे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजेश्वरी मरकाम के मार्गदर्शन,कार्यक्रम समन्वय डॉ. शोभाराम मेहरा रा.से.यो. रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, जिला संगठन डॉ.बी.एल.झारिया राष्ट्रीय सेवा योजना प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय मंडला के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी सुखदेव सिंह वरकडे के नेतृत्व में ग्राम लपटी के शासकीय माध्यमिक एकीकृत शाला परिसर ग्राम पंचायत लपटी में आयोजित किया गया।

7 शिविर के माध्यम से शिविरार्थियों के द्वारा गाँव में प्रभात फेरी कर स्वच्छता,जनस्वास्थ्य,जल संरक्षण, पर्यावरण, बाल विवाह, आदि ज्वलंत मुद्दों को लेकर जागरूक कर किया गया 7 शिविरार्थियों के द्वारा श्रम गतिविधि के तहत सार्वजनिक सडक, नल नलकूप,नदी, तालाब, एनीकट की साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया गया 7 सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह 5ः00 बजे से शासकीय प्राथमिक माध्यमिक एकीकृत शाला प्रांगण में रखा गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम मे पंकजपुरी गोस्वामी अध्यक्ष जन भागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि स्तुति गोस्वामी, श्वेता वरकडे, शिव कुमार राय , महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.राजेश्वरी मरकाम की अध्यक्षता में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी ग्राम के गणमान्य नागरिकों, शिविरार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी एवं मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया 7 सभी शिविरार्थियों के द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा शिविर का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

## सार-समाचार



### आज महाशिवरात्रि पर होगा अनुष्ठान

**मण्डला,देशबन्धु।** आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिला पंचायत के सामने स्थित हनुमान शेषनाग राम दरबार मंदिर में महारुद्र अभिषेक पूजन पाठ प्रसादी वितरण एवं संध्या काल को दीपदान किया जावेगा। संपूर्ण अनुष्ठान पौराणिक श्री रामनाथ शास्त्री के सानिध्य में संपादित होंगे। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर बॉटल आर्ट के बादशाह त्रिलोक सिंधिया के द्वारा अलौकिक दिव्य शिवलिंग की कलाकृति तैयार कर सभी भक्तों के दर्शन हेतु मंदिर प्रांगण में आज रखी जावेगी। मंदिर व्यवस्थापक सुधीर कांसकार ने धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे इस धार्मिक अनुष्ठान में सह परिवार सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### शिखा को मिला अध्यक्ष का दायित्व

**मण्डला,देशबन्धु।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर चमन श्रीवास्तव द्वारा महिला ईकाई प्रदेश अध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव की अनुशंसा पर मंडला जिले की समाजसेवी श्रीमति शिखा श्रीवास्तव को मंडला जिले की महिला ईकाई का जिला अध्यक्ष नियुक्त



किया है। कायस्थ महासभा ने आपकी ऊर्जा और सक्रियता पर विश्वास जताया है कि आप पूर्ण निष्ठा और लगन से कायस्थ महासभा के गौरव और सम्मान में वृद्धि करेंगी और अपने दायित्व का कुशलता से निर्वाहन करते हुए संगठन का विस्तार करेंगी। कायस्थ समाज जिला अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव एवं कार्यकारी अध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव द्वारा शुभकामनाएं देते हुए कहा की शिखा श्रीवास्तव पूर्व पार्षद भी है और सामाजिक गतिविधियों से हमेशा जुड़ी रहती है। निश्चित ही आपकी रचनात्मकता और सक्रियता से समाज को लाभ मिलेगा।

### 40 लाख के चेक बाउंस मामले में न्यायालय ने किया दोष मुक्त

**दमोह, देशबन्धु।** शहर के बहुचर्चित 40 लाख के चेक बाउंस के मामले में न्यायाधीश सु श्री प्रिया राठी मैडम जेएमएफसी दमोह ने निर्णय सुनाते हुए आरोपी को दोष मुक्त कर दिया है।

अभियोजन पक्ष से परिवादी ऋषभ कुमार जैन बनगांव ने आरोप लगाया था कि परिवादी के बड़े भाई अशोक कुमार जैन परिवादी को उसकी 40 लख रुपए की राशि लौटाने के लिए भुगतान के एवज में उसे 40 लाख रुपए का चेक प्रदान किया था जो भुगतान हेतु प्रस्तुत किए जाने पर बैंक द्वारा अनाद्रित कर दिया था। परिवादी का आरोप था कि वह अपनी जमीन पर खेती करता था और खेती की फसल अपने बड़े भाई अशोक कुमार ऋषभ कुमार जैन की फर्म को बेचता था। चूंकि आरोपी उसका बड़ा भाई था इस कारण करीब 10-12 बरसों से परिवादी और जब आरोपी को फसल देता रहता था और 12 वर्षों बाद जब परिवादी ने उससे अपनी 40 लाख रुपए की रकम मांगी तो आरोपी ने उसे 40 लाख रुपए की रकम का चेक दिया था। आरोपी अशोक कुमार जैन की ओर से बचाव लेते हुए कहा गया था कि परिवादी आरोपी का सगा छोटा भाई है और आरोपी की फर्म अशोक कुमार ऋषभ कुमार जैन में ही कार्य करता था। फर्म के वित्तीय लेनदेन के कार्यों को संपादित करने के लिए आरोपी अपनी फर्म के खातों की चेक बुक पर कोरे चेक पर हस्ताक्षर करके रख देता था और परिवादी फर्म की आवश्यकता अनुसार उसमें नाम और राशि भरकर भुगतान करता रहता था। आरोपी और परिवादी के बीच मतभेद होने पर परिवादी ने आरोपी की फर्म के खातों की चेक बुक में से आरोपी के हस्ताक्षर युक्त रखे गए चेकों में से एक चेक प्राप्त कर उसमें मनमानी रकम 40 लाख भरकर उसे बैंक से बाउंस करा कर झूठा मामला पेश किया है।

### बोर्ड परीक्षा में निरीक्षण दल पहुंचा स्कूलों में

**पटेरा, देशबन्धु।** 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का सत्र शुरू हुआ जिसमें निरीक्षण दल की टीम के द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा दिन मंगलवार को निरीक्षण दल जिसमें नायब तहसीलदार राजेश सोनी वही जनपद शिक्षा विभाग विकासखंड अधिकारी मुकेश गुजरे बी आर सी पटेरा दिलीप उपाध्याय सहित टीम के द्वारा हाई स्कूल सोजना, देवडोगरा, पटेरा उत्कृष्ट का निरीक्षण किया गया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं 67 आवेदकों की समस्याएं


**मण्डला, देशबन्धु।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने 67 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करें। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में तिलकवार्ड निवासी राकेश पटेल ने सांची दुग्ध पार्लर व्यवस्थित करने के संबंध में, मोहगांव निवासी ताराबाई बैगा ने संबल कार्ड के अंतर्गत आर्थिक सहायता, सहजनी नारायणगंज निवासी दुर्गा सिंह वरकड़े ने विद्युतमंडल द्वारा काटे गए पेड़ की उचित मुआवजा, गजराज निवासी दीपिका परते ने राशन कार्ड में नाम खारिज कराने सहित अनेक विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ज़िले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र मंगलवार को जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय एवं अवंती बाई स्कूल का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रों का निरीक्षण करते हुए ज़रूरी निर्देश भी दिए। इस दौरान को सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बड़कड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।



## ज्ञानदीप परीक्षा केन्द्र भी पहुंचे कलेक्टर, देखी व्यवस्था

**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र पहुंचकर कक्षा 12वी की वार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केन्द्र पर किए गए प्रबंधों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित थे।

# नए शिक्षण सत्र की समयपूर्व तैयारी सुनिश्चित करें : सीईओ जिला पंचायत

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई एफएलएन की समीक्षा बैठक

मण्डला। सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जिला योजना भवन से एफएलएन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आने वाले नए शैक्षणिक सत्र की सभी तैयारियाँ समयपूर्व सुनिश्चित करें।



एक अप्रैल से नए नामांकन प्रारंभ होने हैं, इसके साथ-साथ पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी है। सभी बीआरसी समस्त स्कूलों में समय के पहले पाठ्यपुस्तकें निर्धारित संख्या में उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के गणवेश की राशि सीधे खातों में प्रदाय की जानी है इसलिए बच्चों के खाते चैक करवाएं कोई भी अकाउंट इनएक्टिव नहीं होना चाहिए। सभी संबंधित भ्रमण दल अपना विजिट बढ़ाएं। पिछले तीन माह में दलों का विजिट संतोषजनक नहीं है। दलों के भ्रमण की प्रतिदिन ऑनलाईन एंट्री भी करें। बैठक में यूनिक कव्हरेज, बोर्ड परीक्षाओं, यूनिफार्म वितरण तथा स्कूलों की शिकायतों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला योजना भवन में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन भवन का अवलोकन

**मण्डला।** ज्ञानदीप इग्लिश मीडियम हायरसेकेंडरी स्कूल में बनाए जा रहे भवन का कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निरीक्षण किया। नए बनाए जा रहे भवन में भूतल तथा प्रथम तल में चार-चार स्मार्ट क्लास रूम तथा द्वितीय तल में हॉल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें विभिन्न पाठ्येत्तर गतिविधियों का संचालन हो सकेगा।

इसके लिए पुराने ज्ञानदीप स्कूल के कार्यालय के भवन को ध्वस्त किया गया है। साथ ही नीव का कार्य प्रारंभ है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि बच्चों की बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य में सावधानी रखें।

तोड़े गए पुराने भवन का मलबा व्यवस्थित रखें। निर्माण में गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करें।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

# पेपर देकर आ रही 12वीं की छात्रा चक्कर आने पर पुल से गिरी, हालत गंभीर

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र के इमलिया चौकी अंतर्गत सोमखेड़ा गांव की कक्षा बारहवीं की छात्रा मंगलवार को हिंदी का पेपर देकर लौटते समय 15 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिर गई। गंभीर रूप से घायल छात्रा को गांव के एक व्यक्ति ने देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन 108 एंबुलेंस की सहायता से छात्रा को जिला अस्पताल ले गए, जहां उसके पैर में गंभीर चोट के चलते इलाज जारी है।



छात्रा क्रांति खंगार ने बताया कि वह इमलिया हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में पेपर देने गई थी। परीक्षा के दौरान ही उसे हल्के चक्कर आ रहे थे। 11 बजे पेपर देकर वह पैदल ही घर लौट रही थी। पहरेवा नदी के पुल पर पहुंचते ही अचानक चक्कर आने से वह बेहोश होकर पुल से नीचे सूखी नदी में गिर गई। इसके बाद उसे कोई होश नहीं रहा।

छात्रा के चाचा ने बताया कि परीक्षा केंद्र घर से तीन किमी दूर है, जहां वह बस से गई थी लेकिन लौटते समय पैदल आ रही थी। पुल से गिरने पर वह पत्थरों पर गिरी, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। गांव के एक व्यक्ति ने घायल हालत में उसे देखा और पहचानकर परिजनों को सूचना दी। तुरंत 108 एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि छात्रा के पुल से गिरने की सूचना मिली है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और छात्रा के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना का कारण अज्ञात है, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार छात्रा को चक्कर आने के कारण यह हादसा हुआ है।

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षाएं जिले के 84 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुईं। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी और सख्त चेकिंग के बाद छात्रों को परीक्षा कक्ष में बैठाया गया। परीक्षा में अनुशासन बनाए रखने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, उड़नदस्ता और जिला शिक्षा अधिकारी समेत कई टीमें तैनात की गई थीं।


## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, मण्डला

### निविदा सूचना

Tendor Id:-
2025_JKBM_405071_1

**ई-उपार्जन के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन वर्ष 2025-26 अंतर्गत खरीदी हेतु मण्डला जिले से संबंद्ध समितियो/उपार्जन केन्द्रो में उपार्जन हेतु प्रयुक्त सामग्री यथा टैग, धागा, कलर, स्टेंसिल, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, सिलाई मशीन, छन्ना, उडावनी पंखा, नमी मापक यंत्र आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु प्ैव् 9001रू2015 सर्टिफाईड प्रमाणित इच्छुक कंपनी /फर्म/संस्था से सामग्री क्रय दरें आमंत्रित की जाती है। क्रय योग्य सामग्री का विस्तृत विवरण एवं नियम-शर्तें एमपी ई-टेण्डर पोर्टल पर ऑनलाइन एवं बैंक मुख्यालय मण्डला के सूचना पटल पर कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है। एमपी ई-टेण्डर पोर्टल पर निविदा दिनांक 25.02.2025 से दिनांक 07.03.2025 तक समय दोपहर 4:00 बजे तक ही खुली रहेगी। निविदा फार्म समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक 07.03.2025 तक दोपहर 04.00 बजे तक ही ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। प्राप्त निविदा फार्म जिला उपार्जन समिति द्वारा गठित निविदा निष्पादन समिति द्वारा ऑनलाइन खोले जावेंगे। निविदा स्वीकार /अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार निविदा निष्पादन समिति को होगा।**

**महाप्रबंधक**
**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. मण्डला**